1 मन के भोले-भाले बादल

(कविता)



झब्बर-झब्बर बालों वाले,
गुब्बारे से गालों वाले,
लगे दौड़ने आसमान में,
झूम-झूमकर काले बादल।

कुछ जोकर-से तोंद फुलाए,
कुछ हाथी-से सूँड उठाए,
कुछ ऊँटों-से कूबड़ वाले,
कुछ परियों-से पंख लगाए।

आपस में टकराते बादल,
शोरों से मतवाले बादल।

कुछ तो लगते हैं तूफानी,
कुछ रह-रह करते शैतानी,
कुछ अपने थैलों से चुपके,
झर-झर-झर बरसाते पानी।

नहीं किसी की सुनते कुछ भी,
ढोलक-ढोल बजाते बादल।

रह-रहकर छत पर आ जाते,
फिर चुपके ऊपर उड़ जाते,
कभी-कभी जिद्‌दी बन करके,
बाढ़ नदी-नालों में लाते।

फिर भी लगते बहुत भले हैं,
मन के भोले-भाले बादल।

शब्द-अर्थ

मतवाले — मस्त *(Impatient)*; जिद्दी — हठी *(Obsinate)*;
भले — अच्छे *(Nice)*।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए—

मतवाले	जिद्दी	परिया	झूमकर
आसमान	तूफानी	ढोलक	शैतानी

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—

(क) बादल कैसे बालों वाले हैं?

(ख) बादल कैसे गालों वाले हैं?

(ग) बादल आसमान में क्या करने लगे?

(घ) बादल किसके समान कूबड़ वाले हैं?

(ङ) बादल किसकी तरह पंख लगाए हुए हैं?

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए—

(क) बादलों के बाल कैसे हैं-

☐ झब्बर ☐ गुब्बारे-से ☐ पीले

(ख) बादलों के गाल कैसे हैं—

☐ सुनहरी ☐ गुब्बारा-से ☐ झब्बर

(ग) कुछ बादल तोंद फुलाए कैसे लग रहे हैं-

☐ सेठजी जैसे ☐ हाथी जैसे ☐ जोकर जैसे

(घ) बादल कैसे पंख लगाए हैं-

☐ परियों-से ☐ चिड़ियों-से ☐ मछलियों-से

(ङ) बादल क्या बनकर नदी-नालों में बाढ़ लाते हैं-

☐ क्रोधी ☐ मतवाले ☐ जिद्‌दी

2. इनकी आवाजों को क्या कहते हैं–

(क) बादल .... (ख) बिजली ....

(ग) नदी .... (घ) हवा ....

(ङ) हाथी .... (च) बंदर ....

3. रिक्त स्थान भरिए–

(क) कुछ जोकर-से ....,
.... सूँड उठाए।

(ख) कुछ ऊँटों-से ....,
.... पंख लगाए।

(ग) लगे दौड़ने ....,
.... काले बादल।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) बादल के गाल कैसे लगते हैं?

(ख) कवि ने बादलों का शरीर किन-किन के समान बताया है?

(ग) बादल शैतानी कैसे करते हैं?

(घ) 'ढोलक-ढोल बजाते' से कवि का क्या तात्पर्य है?

(ङ) बादल जिद्‌दी बनकर क्या करते हैं?

भाषा-ज्ञान

1. कोष्ठक में से रंगीन शब्दों के उचित विलोम शब्द छाँटकर वाक्य पूरे कीजिए–

(क) आज हमारी मौखिक परीक्षा है, कल .... परीक्षा होगी। (लिखित/लिखने)

(ख) सत्य की सदा जीत होती है और .... की हार। (झूठ/असत्य)

(ग) प्रेम से दूसरों का मन जीता जा सकता है, ... से नहीं। (घृणा/प्यार)

(घ) सेठ को व्यापार में लाभ की जगह .... हुई। (नुकसान/हानि)

2. नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलिए–

(क) आँख - ....

(ख) पत्ता - ....

(ग) रात - ....

(घ) गोली - ....

(ङ) डाली - ....

(च) चिड़िया - ....

क्रियात्मक गतिविधि

- अपनी कक्षा में वर्षा के बारे में चर्चा कीजिए।
- बादल के बारे में एक लघु निबन्ध लिखिए–

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....